तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 मवेशी तस्करी में लिप्त चौथे आरोपी न्यायिक रिमांड पर भेजा ..





10 मोर गांव मोर पानी महाअभियान शुरू, ग्रामीणों




## खबर संक्षेप

### नाबालिग ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर के निकट ग्राम पंचायत अमलडीहा में बासीन रोड सड़क किनारे स्थित रामकृष्ण धुव के बोर प्लांट में रविवार की सुबह एक नाबालिक युवक फांसी पर लटका हुआ मिला, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। जहां ग्रामीण घटना की ओर भागे इसी बीच घटना की जानकारी व सूचना मारो पुलिस को दीगई, जहां घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर लाश को पेड़ से निचे उतरवाया। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी, जहां युवक की पहचान ग्राम के ही नाबालिक सहदेव साहू पिता लोकेश साहू उम्र 17 वर्ष के रूप में की गई, जो गांव के ही रामकृष्ण धुव के खेत में स्थित एक आम के पेड़ में नायलोन की रस्सी में फांसी पर लटका हुआ मिला। घटना की जांच मारो पुलिस कर रही है।

### दो दिनी आम महोत्सव का आज और कल

**बेमेतरा।** उद्यानिकी विभाग ने 3 से 4 जून जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में दो दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में आम की विभिन्न किस्मों, आम के पौधों और आम से बने व्यंजन एवं पेय पदार्थों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही, आम के पौधों एवं फलों की बिक्री की भी व्यवस्था की गई है। सहायक संचालक उद्यानिकी हितेन्द्र मेश्राम ने बताया कि आम महोत्सव में जिले के कृषक अपने आम फलों और आम से बने व्यंजनों का निःशुल्क प्रदर्शन भी कर सकते हैं। आम महोत्सव के दौरान स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, स्वसहायता समूह की महिलाएं और जिले के नागरिक आम महोत्सव में प्रदर्शित सामग्री का अवलोकन कर सकते हैं। यह आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिला प्रशासन ने जिले वासियों से इस आम महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने और इस आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

### घर में घुसकर फोन चोरी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** घर में घुसकर मोबाइल फोन चोरी करने वाले युवक व अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए), 03(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेहरु नगर निवासी जगदीश आहूजा के मकान से दो मोबाईल चोरी होने की शिकायत पुलिस में किया था। पुलिस ने जांच कर सूचना पर आरोपी नेहरु नगर सुपेला निवासी साजन दास और अपचारी बालक को गिरफ्तार किया।

### राहगीरों से लूटपाट करने वाले धरे गए

**भिलाई।** राहगीरो से मोबाइल लूटपाट करने वाले दो युवक और दो अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि दलबीर भवन नंदनी रोड छावनी निवासी अमित सिंह मेहरा 5 मई की रात गोडवाना भवन के सामने से खुर्सीपार में 4 युवक पहुंचे। पीड़ित को रोक कर मोबाईल फोन, आधार कार्ड, वाहन की चाबी को लूटकर फरार हो गए। पुलिस में घटना की शिकायत करने पर आरोपियों की तलाश में जुट गई। खुर्सीपार थाना प्रभारी वंदिता पनिकर ने टीम बनाकर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालना शुरु किया। संदेहियो से पुछताछ करने पर डबरा पारा ओवर ब्रीज के पास वाहन चेकिंग के दौरान सुचना मिलने पर युवको को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुछताछ करने पर अपना नाम कैम्प 1 साक्षरता चौक सुपेला निवासी नोहरदास मानिकपुरी से चाबी, सिकोला भाटा दुर्ग नारायण यादव उर्फ गौरव से मोबाईल और अपचारी बालको के पास से आधार कार्ड, वाहन जप्त किया।

# फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने निकाली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता : कलेक्टर

विश्व सायकल दिवस के एक दिन पूर्व, 02 जून को फिटनेस को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से बेमेतरा शहर के जयस्तंभ चौक से प्रातः 7:00 बजे सायकल रैली का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू मौजूद रहे। जिनका कलेक्टर रणबीर शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने साइकिलिंग को सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्याओं का समाधान भी मिलता है। साइकिलिंग को रोजमर्रा की आदतों में शामिल करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने साइकिलिंग को ▶▶| शेष पेज 10 पर

## साइकिलिंग शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने में सहायक : विधायक दीपेश




### सबसे बड़ा धन स्वास्थ्य

रैली के समापन पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सबसे बड़ा धन स्वास्थ्य है। साइकिल चलाना न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं ईंधन बचत का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने में सहायक है। मोटापे को कम करने, हृदय स्वास्थ्य सुधारने और तनाव को कम करने में साइकिलिंग की अहम भूमिका है। श्री साहू ने उपस्थित लोगों को नियमित साइकिलिंग का संकल्प दिलाया ।कलेक्टर शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन आधा से एक घंटा साइकिलिंग करने से हृदय संबंधी रोगों की आशंका कम होती है और शरीर ऊर्जावान बना रहता है।

## दो साल में 12 सौ रुपए तक बढ़ गए धान बीज के दाम, डीएपी-यूरिया की किल्लत पर राहत

# धान और दलहन के महंगे बीज से टूटेगी कमर पर डीएपी व पोटाश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ किसान परेशान, खुले बाजार से अधिक दाम पर खरीदने मजबूर

पिछले कुछ सालों में जहां धान की कीमत में इजाफा देखने को मिला है। वहीं इसकी खेती भी लगातार महंगी होती जा रही है। आलम यह है कि महज दो साल में ही धान बीज के दाम 12 सौ रुपए प्रति क्विंटल तक बढ़ गए हैं। ऐसे में धान की खेती की लागत भी किसानों के लिए दोगुना तक पहुंच गई है। हालांकि किसानों के लिए राहत यह है कि इस बार डीएपी, यूरिया जैसे खाद की कीमत में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।परंतु पूरे जिले में डीएपी की किल्लत के चलते किसान परेशान हो गए हैं वही खुले बाजार में अधिक दाम पर खरीदने मजबूर हो रहे हैं। सोसायटियों में डीएपी का नहीं होने का प्रबंधक रोना रो रहे ।

इधर बीज निगम द्वारा वर्ष 2025 खरीफ सीजन के लिए जारी किए गए बीज के दाम में डेढ सौ से एक हजार रुपए तक की बढ़ोत्तरी कर अंचल के किसानों को चिंता में डाल दिया है। ज्ञात हो कि पिछले साल भी बीज के दाम में 5 से 7 सौ रुपए तक का इजाफा हुआ था। ऐसे में जिले में सर्वाधिक होने वाली धान फसल के लिए भी बीज में प्रति क्विंटल सौ से डेढ़ सौ तक अधिक दाम चुकाने होंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य बीज निगम हर साल प्रमाणित बीजों का मूल्य निर्धारण करता है। वर्ष 2023 से तुलना करें तो बीज के दाम में बेहद बढ़ोत्तरी हुई है। दो साल में बढ़े दाम ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। जानकारी अनुसार धान मोटा बीज पिछले साल वर्ष 2024 में 34 सौ रुपए बोरी थी, जो इस बार 2025 में बढ़कर 3550 हो गई है।

जबकि वर्ष 2023 में यह 2688 रुपए तक सीमित था। वहीं घान पतला बोज पिछले साल 39 सौ रुपए निर्धारित था, जो इस बार बढ़कर 4030 रुपए हो गया था। दो साल पहले यह 2882 रुपए तक था। सुगंधित धान की बात करें तो पिछले साल यह 4500 रुपए था, जो इस बार बढ़कर 4650 हो गया है। दो साल पहले वह 3264 तक सीमित था। इस तरह देखा जाए तो दो साल में बीज के बढ़ते दाम ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है।

### ऐसे समझे दाम

| किस्म | 2024 - 2025 |
|---|---|
| धान मोटा | 3400 - 3550 |
| धान पतला | 3900-4030 |
| धान सुगंधित | 4500-4650 |
| कोदो | 7200-7300 |
| कुल्थी | 11200-11400 |

### खरीफ 2025 के लिए बीज निगम ने बढ़ाए दाम, महंगी होगी खेती, धान में प्रति क्विंटल डेढ़ तक इजाफा



### खरीफ सीजन के हर किस्म के बीज डेढ़ सौ रुपए तक महंगा

खरीफ सीजन में सोयाबीन ओर उड़द को छोड़ धान, कोदो, रागी, मूंग, कुल्थी, मूंगफली और तिल के बीज के दाम सो से डेढ़ सो रुपए प्रति तक महंगे हो गए है। रबी फसल तैयार होने के बाद खरीफ सीजन में किसानों को इस साल आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। खरीफ सत्र 2025 में अनाज, दहलन और तिलहन के बीज की नई दर शासन स्तर से लागू कर दी गई है।

### सोयाबीन की डिमांड अधिक

धान के बाद खरीफ में सोयाबिन की डिमांड अधिक होती है। पिछले दो सल में सोयाबीन का दर 8200 रुपार तक चला गया था. लेकिन इस बार इसके दर को कम कर 74 सौ रुपए कर दिया गया है। सोयाबीन के दाम में 12 सौ रुपए की गिरावट आई है। वर्ष 2023 में यह 7776 रुपए था। वहीं उड़द बीज पिछले साल 12500 प्रति क्विंटल था. जो कम होकर 11300 दर निर्धारित किया गया है। जबकि सबसे ज्यादा रागी जो पिछले साल 3400 था. उसे सीधे बढ़ाकर इस बार 4500 रुपए कर दिया गया है। मूंगफली पिछले साल की तरह 11900 पर ही है। वहीं देवा 9900, सनई 11600 के दाम पिछले साल की तरह है।

### पोटाश 1650 से 1555 हुआ

इस बार किसानों को डीएपी में राहत मिली है। डीएपी पचास केजी का दर पिछले साल की तरह 1350 रुपए है। खेती में इसको उपयोगिता शुरूआत से आखिर समय तक रहती है। बहरहाल सोसायटी में इसका भंडारण शुरू हो गया है। वहीं यूरिया भी पिछले साल की तरह 266 रुपए पर है। वहीं पोटाश 1650 से कम होकर 1555 हो गया है। इस तरह खाद में किसानों को इस बार राहत मिलेगी।

# चोरी के आभूषण और नकदी बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सायबर सेल और थाना बेरला की संयुक्त टीम ने सोने-चांदी के जेवर चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सामग्री समेत घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई है।

यह चोरी की घटना 18-19 मई की मध्यरात्रि को थाना बेरला अंतर्गत ग्राम सेमरिया में हुई थी। प्रार्थी दशरूत देशलहरे (42 वर्ष), निवासी वार्ड 09, बेरला, परिवार सहित काठी कार्यक्रम में ग्राम सेमरिया गए थे। घर खाली होने का फायदा उठाते हुए चोरों ने घर का ताला तोड़कर आलमारी का ताला तोड़ा और वहां रखे सोने-चांदी के जेवरात, नकदी सहित करीब 20,000 रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली।

चोरी गए सामान में 2 जोड़ी लच्छा चांदी, 1 जोड़ी बिछिया चांदी, 3 जोड़ी पैरपट्टी चांदी, 2 नग सोने का हार (9 पत्ती व 5 पत्ती वाला), 4 नग सोने की पत्ती, 1 जोड़ी सोने की ईयररिंग और 13,000 रुपये नकद शामिल थे।

### पुलिस की कार्रवाई

थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह व सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा ने एक संयुक्त टीम का गठन किया। मुखबिर की सूचना पर रविवार को बेरला से ही तीनों आरोपियों—कृष्णा निषाद (38), पियूष कुमार नंदी (24), एवं यश निषाद (19)—को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया।

### आरोपियों की न्यायिक रिमांड

आरोपियों के कब्जे से चोरी हुए जेवरात के अलावा पुरानी मोटरसाइकिल (जो घटना में उपयोग की गई थी) भी बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 25,000 रुपये आंकी गई है। कुल मिलाकर 45,000 रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को आज 2 जून को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**पुलिस टीम का योगदानः** इस सफल कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, ठाकुर राम घृतलहरे, आरक्षक खुशाल बोरकर, सुरेन्द्र जांगडे, धनसाय मिरे, संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, जयकिशन साहू, पीलाराम साहू एवं अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सरकार का संकल्प है राज्य में कोई भी भूखा न सोएः खाद्य मंत्री बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ खाद्य मंत्री ने ग्राम भंसुली में चावल उत्सव का शुभारंभ किया

छत्तीसगढ़ प्रदेश के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने जिले के ग्राम भंसुली विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ में आयोजित चावल उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोए। उन्होंने कहा कि यह चावल वितरण कार्यक्रम इस संकल्प की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस दौरान इच्छुक राशन कार्डधारियों को तीन माह का एकमुश्त राशन वितरित किया गया और योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।मंत्री श्री बघेल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जून, जुलाई और अगस्त माह का चावल एक साथ आवंटित कर दिया गया है। राशन कार्डधारी नागरिकों को अपनी सुविधा के अनुसार एक माह या तीन माह का चावल एकसाथ उठाने का विकल्प उपलब्ध है। इसमें तीन माह का चावल एकमुश्त उठाने की कोई बाध्यता नहीं है। अन्य राशन सामग्री जैसे शक्कर, नमक, चना एवं गुड़ का वितरण नागरिक आपूर्ति निगम के उपलब्ध स्टॉक के आधार पर प्रत्येक माह पृथक-पृथक आबंटन कर किया जाएगा।

मंत्री श्री बघेल ने बताया कि चावल उत्सव के दिन ही तीन माह के चावल का वितरण सुनिश्चित किया गया है। इस कार्य के लिए परिवहन और सुरक्षित भंडारण की व्यापक व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जो समय सीमा के भीतर राशन सामग्री का भंडारण और वितरण के बाद सत्यापन की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। ग्रामवासियों ने इस योजना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद हेमा दिवाकर,पंच,सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, खाद्य विभाग के अधिकारीगण, और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### केसीसी कार्ड बांटे व दी योजनाओं की जानकारी

**बेरला।** ब्लॉक बेरला क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा पं.क्र.2033 में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष प्रकाश वर्मा के द्वारा समिति में बने नए कृषकों को केसीसी कार्ड वितरण किया गया। साथ ही माइक्रो एटीएम के माध्यम से 10000 की नगद आहरण सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी देवलाल सिन्हा, डीकेश साहू, सेवा राम साहू, रमेश देवांगन, राजेंद्र वर्मा सहित बड़े संख्या में कृषक उपस्थित थे।




# जिपं अध्यक्ष ने दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जहां अधिकांश लोग जन्मदिन को व्यक्तिगत खुशी का अवसर मानकर मनाते हैं, वहीं जिला पंचायत बेमेतरा की अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपने जन्मदिवस को जनसेवा के रूप में मनाकर एक नई मिसाल कायम की है।

उन्होंने अपने जन्मदिवस के अवसर पर नेवनारा स्थित प्रसिद्ध माँ चण्डी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और फिर वहां एक प्रेरणादायक सेवा कार्य किया। इस विशेष अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के दिव्यांगजन भाइयों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान कर उनके जीवन में सहारा और सम्मान दोनों का संचार किया। यह ट्राईसाइकिल न केवल उनकी दैनिक आवश्यकताओं को आसान बनाएगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर जीवन जीने में भी मदद करेगी।कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के युवा साथी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने कल्पना तिवारी की इस भावना की सराहना की और उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। कल्पना योगेश तिवारी ने इस दौरान कहा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## परीक्षाएं शांतिपूर्वक हो रही हैं संचालित

# डीएलएड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू, प्रथम दिन 100 में 99 हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं सोमवार 2 जून से प्रारंभ हो गई है। एक दिन के अंतराल में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं आयोजित होंगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित ये परीक्षाएं सुबह की पालियों में संचालित की जा रही है।

जिले के सबसे बड़े अकादमिक संस्थान डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे के निर्देशन व मार्गदर्शन में परीक्षाएं शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। प्रथम दिवस संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने प्रथम व द्वितीय वर्ष के सभी छात्राध्यापकों को उनके उज्ज्वल व सुखद भविष्य की कामना के साथ उन्हें हार्दिक शुभकामना दी।प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को निर्देश दिया कि इस परीक्षा में सभी छात्र छात्राओं को प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। मोबाइल, कैलकुलेटर सहित सभी डिजिटल डिवाइस प्रतिबंधित रहेंगे। साथ ही किसी भी तरह के अनुचित साधनों का प्रयोग नहीं करना है। परीक्षा समय से आधे घंटे पूर्व सभी परीक्षार्थियों को संस्थान में उपस्थित होना है। आज प्रथम दिवस सभी छात्राध्यापकों की सघन जांच कर ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं प्रातः 9:00 से 12:15 बजे तक संचालित की जा रही है। परीक्षाएं संस्थान के दो हाल में संचालित की जा रही है। बड़े हॉल में 60 छात्राध्यापकों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

जिसमें पर्यवेक्षण कार्य हेतु चार पर्यवेक्षकों की व्यवस्था की गई है। जबकि छोटे हॉल में 40 छात्राध्यापकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। जिसमें तीन पर्यवेक्षकों की व्यवस्था की गई है। आज पहले दिन, डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षा में 100 में से 99 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा की प्राचार्य कविता बाचपेयी को केंद्राध्यक्ष बनाया गया है। यह डाइट के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब डाइट से से अलग अन्य संस्था में पदस्थ प्राचार्य को डाइट बेमेतरा में केंद्राध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही संस्थान के व्याख्याता अनिल कुमार सोनी को सहायक केंद्राध्यक्ष तथा डॉ बसुबंधु दीवान को परीक्षा समन्वयक बनाया गया है। जबकि परीक्षा कार्य में कार्यालय सहायक के रूप में कमलेश कुमार शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा कार्य कर रहे है। संस्थान में सहयोगी के रूप में उषा किरण पाण्डेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, नागेंद्र शर्मा, सरस्वती साहू, पूनम पांडेय शामिल है।

## खबर संक्षेप



### भगवान नाम प्रभात कीर्तन निकाला गया

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आशाराम बापू की युवा सेवा संघ द्वारा भगवान नाम प्रभात कीर्तन यात्रा लंगूर वीर मंदिर दुर्ग से निकाली गई। भगवान नाम कीर्तन यात्रा को पूरे शनिचरी मार्केट में घुमाए गए। इस यात्रा में ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका निःशुल्क बांटी गई। अंत में युवा सेवा संघ की संकल्प सभा रखी गई। मंदिर परिसर में बच्चों की संस्कार सभा भी चल रही थी। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### समाधान शिविर में मनोज को मिला मोची पेटी



**दुर्ग।** ग्राम करेली के मनोज कुमार को शासन की स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत मोची कार्य के लिए आवश्यक मोची पेटी और उपयुक्त औजार प्रदान किया गया। यह पहल न केवल उन्हें रोजगार से जोड़ने का माध्यम बनी है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी एक नई दिशा मिली। मनोज कुमार लंबे समय से पारंपरिक मोची कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, लेकिन आधुनिक औजारों और सुविधाओं की कमी के कारण उनका काम सीमित रह गया था। हाल ही में जनपद पंचायत धमधा के ग्राम दानीकोकड़ी में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राही को रविदास चर्म शिल्प योजना के तहत मोची पेटी एवं औजार का वितरण किया गया। जिसमें चमड़ा काटने, सिलाई, पॉलिशिंग और मरम्मत के लिए सभी आवश्यक औजार शामिल हैं। इसके अलावा उन्हें एक पोर्टेबल मोची पेटी भी दी गई है, जिससे वे अपने काम को आसानी से कहीं भी लेकर जा सकते हैं।

### ढाई लाख का सामान पार करने वाला गार्ड और खरीदार गिरफ्तार

**भिलाई।** जामुल स्थित आयरन फैक्ट्री में गार्ड के द्वारा सामान पार करने वाले मामले में दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 306, 317(2), 112(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जामुल स्थित औद्योगिक क्षेत्र के रंजना इंडस्ट्रीज में सामान पार हुआ था। फैक्ट्री के सीसी कैमरे में गार्ड और उसके दोस्त का हरकत कैद हो गया था। संचालक नेहरु नगर निवासी रितेश रायका ने चेक करने पर दोनों का फूटेज मिलने पर पुलिस को सूचना दी थी। चोर ने 29 मई की रात फैक्ट्री से आयरन पिन, आयरन प्लेट, कटिंग लोहा की बड़े पैमाने पर चोरी की गई थी।

## पेज 9 के शेष

### फिटनेस व पर्यावरण ...

आत्मअनुशासन व सामुदायिक समरसता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग न केवल एक उत्तम व्यायाम है, बल्कि यह आर्थिक रूप से भी किफायती साधन है ।कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और साइकिलिंग को जन-आंदोलन का रूप देना रहा। उपस्थित नागरिकों ने स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुनील झा ने किया,आभार व्यक्त खेल अधिकारी ने किया ।

### जिपं अध्यक्ष ने ...

कि यह केवल एक शुरुआत है आने वाले समय में और भी जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाई जाएगी। उनका मानना है कि सेवा, समर्पण और संस्कार ही राजनीति का असली आधार है। इस पूरे कार्यक्रम में एक सामाजिक समरसता का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने भी इस प्रयास को सराहा और इसे 'जन्मदिवस के रूप में जनसेवा का आदर्श उदाहरण' बताया।

# मोर गांव मोर पानी महाअभियान शुरु, ग्रामीणों ने ली पानी बचाने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मोर गांव मोर पानी महाअभियान शुरु किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पानी बचाने की शपथ दिलाई। अभियान के तहत एकेच गोठ एकेच बानी बूँद - बूँद बचाबो पानी दुर्ग जिले के सभी ग्राम पंचायतों में महाअभियान चलाया जा रहा है। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने अपनी भागीदारी दी। हर खेत में पानी हर घर में खुशहाली का संकल्प लिया जा रहा है। जल संरक्षण के संबंध में चर्चा करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमें जल संरक्षण के लिए जागरूक रहते हुए जल संरक्षण के सभी तरीकों को अपनाना होगा। अगर आज ज़ल संरक्षण नहीं करेंगे तो आने वाली भावी पीढियां स्वच्छ पानी के लिए तरस जाएंगी। जल संरक्षण करने से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी । जरूरी है कि हम परंपरागत पानी के स्त्रोतों का उन्नयन करें। तालाबों को वर्षा ऋतु के पहले सफाई और नए स्त्रोतों का निर्माण करने कहा गया। मोर गांव मोर पानी महा अभियान का हिस्सा बने और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अन्य मंत्रीगण, पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह या गांव की जल संचयन वाहिनी की दीदियों द्वारा गांव-गांव में जल बचाने के अभियान को गति दी जा रही है।

## हर खेत में पानी, हर घर में खुशहाली का लिया जा रहा संकल्प

### पानी रोकने के कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता : कलेक्टर

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं से पानी रोकने में मदद करने वाले सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जिले में कराया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से नए तालाबों का निर्माण, पुराने तालाबों का गहरीकरण, नदी नालों का पुनरुद्धार अंतर्गत गाद सफाई कार्य, अमृत सरोवर निर्माण, डबरी निर्माण जैसे प्रमुख कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे है। वर्षा का जल एकत्र करने के लिए महात्मा गांधी नरेगा के तहत रिचार्ज पीठ बड़ी संख्या में स्वीकृत किया गया। जनपद पंचायत दुर्ग में 59 जनपद पंचायत धमधा में 118 एवं जनपद पंचायत पाटन 88 निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। इन कार्यों से जल संरक्षण के लिए परिसंपत्तियों का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों को बड़ी मात्रा में रोजगार मिल रहा है।




### ग्रामीण कर रहे श्रमदान

पंचायत स्तर पर ग्रामीणजन द्वारा श्रमदान करके सोखता गड्ढा का निर्माण किया गया।इस महाअभियान को सार्थक करने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने लोगों से अपील की है। जल की महत्ता बताते हुए कहा कि जिले के सभी गांवों में वॉटर हार्वेस्टिंग संरचना के लिए के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। दीवार लेखन, रैली और ग्राम सभाओं के माध्यम से गांव-गांव में मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत प्रस्तावित नारे का दीवार लेखन कराया गया।

## विडंबना : पिछले साल से चल रही सर्वे की प्रक्रिया, 65 हजार लोगों को इंतजार

# जिले के 381 गांव के हितग्राहियों को अब तक नहीं मिला आबादी पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के 381 गांव के 65 हजार से अधिक लोगों को अब तक आबादी पट्टे का लाभ नहीं मिल पाया है। आबादी पट्टा जारी किए जाने के लिए होने वाले सर्वे का ड्रोन से मैपिंग किया गया था। सर्वे की प्रक्रिया लगभग पूरी होने के बाद भी पट्टे का वितरण नहीं किया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले चल रही इस प्रक्रिया को लेकर ऐसी उम्मीद थी कि चुनाव से पहले पट्टा का वितरण कर दिया जाएगा। लेकिन अब तक जिले में पट्टे का वितरण नहीं हो पाया है। हालात यह है कि सत्ता बदलने के बाद भी हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिला है।

उल्लेखनीय है कि, आबादी पट्टे की प्रक्रिया पिछले विधानसभा चुनाव क़े पहले से पहले चल रही थी। जबकि इसी साल में त्रिस्तरीय चुनाव भी इंतजार करते निपट गए। इस दौरान आबादी पट्टे की मांग तूल पकड़ी थी। जानकारी अनुसार जिले क़े गांव की आबादी भूमि में रहने वाले लोगों को स्वामित्व का अधिकार दिया जाना है। इसके लिए केंद्र सरकार ने स्वामित्व योजना की शुरूआत की है। पूरे प्रदेश में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में सबसे पहले दुर्ग जिले से योजना की शुरूआत की गई, लेकिन जिला प्रशासन के अफसरों की सुस्ती के चलते योजना ठप पड़ गई है। योजना को लागू हुए करीब तीन साल हो गए। लेकिन इन तीन साल में जिला प्रशासन ने एक भी व्यक्ति को इस योजना का लाभ नहीं दिला पाया है। जबकि जिले के 381 गांव के 65 हजार से अधिक लोगों को इसका लाभ दिया जाना है। लोग साल भर से उम्मीद लगाए बैठे है कि अब उन्हें योजना का लाभ मिलेगा। लेकिन अबतक कोई लाभ नहीं मिला है। अफसर सिर्फ कागजों में योजना चला रहे है। नक्शा, खसरा और ड्राइंग डिजाइन का काम भी अब तक पूरा नहीं हो पाया है। अब तक एक भी अधिकार अभिलेख नहीं बना पाए है। कई अधिकारी बदल गए, लेकिन इस योजना का लाभ लोगों को नहीं दिलवा पाए है। हालाकि बीते दिनों चुनाव से पहले जिला प्रशासन ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली थी। तब इस योजना की समीक्षा की थी और काम में तेजी लाने और केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लोगों को दिलाने का आदेश भी दिया था।

## नक्शा, खसरा और ड्राइंग डिजाइन का काम भी अब तक पूरा नहीं



### स्वामित्व योजना कि ऐसी थी तैयारी

केंद्र सरकार की इस योजना के तहत आबादी भूमि में रहने वाले लोगों को स्वामित्व का अधिकार दिया जाना है। इसके लिए सरकार उन्हें अधिकार अभिलेख देगा। इस योजना की शुरुआत छत्तीसगढ़ के दुर्ग, कबीरधाम एवं कोरबा से हो गई है। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय नई दिल्ली ने ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत संपत्ति मालिकों को ड्रोन के माध्यम से सर्वे कर नक्शा, खसरा, रकबा बनाया जाएगा। ऑनलाइन में भी हितग्राहियों के नाम से जमीन का रिकार्ड रहेगा।

### 448 गांव में से 381 गांव में ड्रोन से सर्वे हुआ

स्वामित्व योजना के तहत जिले के सभी गांव को शामिल करना है। लेकिन जिले के 448 गांव में से 381 गांव में ड्रोन से सर्वे किया गया है। बाकी के गांव शहरी क्षेत्र में आते है। इसलिए उन्हें इस योजना से बाहर कर दिए है। इसके लिए पहले राजस्व विभाग ने मौखिक सर्वे किया गया। फिर ड्रोन से सर्वे किया। इसके बाद आबादी भूमि का नक्शा तैयार किया। जिसके ग्राम पंचायत में दावा आपत्ति के लिए लोगों को मौका दिया गया। जिसका निराकरण का काम अब तक चल रहा है। 5 हजार से ज्यादा दावा आपत्ति आया है।

### आबादी पट्टे का इस तरह मिलेगा लाभ

- सम्पत्ति मालिक को सम्पत्ति का प्रमाण पत्र एवं भू-स्वामित्व मिलेगा।
- ड्रोन सर्वे से रिकार्ड बनाने में शुद्धता आएगी।
- सर्टिफिकेट से बैंक लोन लेने में सुविधा मिलेगी।
- सम्पत्ति की खरीदी एवं बिक्री का हस्तांतरण में सुविधा होगी।
- आबादी भूमि का नक्शा-खसरा तैयार होने से सम्पत्ति विवाद कम होंगे। रिकार्ड ऑन लाइन होने से लोगों सबसे ज्यादा फायदा होगा।

# फिल्मों के जरिए जल संरक्षण का संदेश, प्रशासन की पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जल शक्ति अभियान कैच द रैन के प्रभावी कियान्वयन हेतु जल-वन-जन : एक प्राकृतिक बंधन अभियान/" के थीम पर जल ग्रहण क्षेत्रों के प्रबंधन एवं संरक्षण हेतु पर्याप्त प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता के कार्य किए जा रहे है । जिला प्रशासन द्वारा इसी के तहत जिला मुख्यालय स्थित स्थानीय छविगृह ( सिनेमाघर) में प्राकृतिक संसाधन एवं पर्यावरण पर आधारित जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन आदि का शॉट फ़िल्म का प्रदर्शन किया । इसमें विख्यात फ़िल्म निर्माता सत्यजीत रे की फ़िल्म का भी प्रदर्शन भी दर्शकों देखने को मिला ।

जल शक्ति अभियान कैच द रैन के प्रभावी कियान्वयन हेतु /"जल-वन-जन के तहत आयोजित फ़िल्म देखने खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल,अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ रजकर बोर्ड प्रह्लाद राजकर, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, अध्यक्ष जनपद हेमा दिवाकर,जनप्रतिनिधि, सहित पत्रकारगण, अधिकारी-कर्मचारी ने शामिल रहे ।

### शीतला सब्जी मंडी का किया जा रहा उन्नयन कार्य

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर स्थित शीतला सब्जी मंडी में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने उन्नयन किया जा रहा है, बारिश का पानी न ठहरे इसके लिये पसरा की हाईट बढ़ाकर ड्रेनेज सिस्टम बनाया जा रहा है जिसका विधायक गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य से संबंधित एजेंसी से निर्माण से जुड़ी जानकारियां ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मार्केट में आने वाले ग्राहकों के लिए व्यवस्थित पार्किंग और व्यापार को बढ़ाने 19 नई दुकानें भी बनेगी। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की शीतला सब्जी मंडी के व्यापारियों ने मार्केट में जलभराव की समस्या बताई थी, समस्या का निराकरण करने मार्केट का उन्नयन किया जा रहा है। यह विकास कार्य क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और स्थानीय व्यापारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# महापौर-आयुक्त ने देखी वार्डों की सफाई व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महा सफाई अभियान के तहत महापौर अलका बाघमार ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल, एमआईसी नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पार्षद संजय अग्रवाल सरिता चंद्राकर सहित वार्ड 45 पद्मनाभपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया। लोगों की शिकायत पर महापौर ने तृप्ति रेस्टोरेंट के संचालक को पीछे सफाई व्यवस्था के साथ साथ अन्य व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने एमआईजी, मिनी स्टेडियम, जनता मार्केट विश्वदीप स्कूल के आस पास पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने नाली सफाई व्यवस्था को लेकर सुपरवाइजर को तल तक नाली सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने मिनी स्टेडियम के पास कचरा कलेक्शन रिक्शा को रुकवाकर गीला-सूखा कचरा की जांच की। उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना जरूरी है क्योंकि इससे पर्यावरण की सुरक्षा होती है। अधिकारियों ने बताया कि छोटी गुमटियों से लेकर बड़े होटल, मोहल्ले के घरों और पद्मनाभपुर क्षेत्र को भी कचरे के पृथक्करण के लिए निरंतर समझाईश दी जा रही हैं। उन्होंने दुकानदारों को भी अपने आस पास के कचरों को इकट्ठा करके अपने कचरा डिब्बा में डालकर निगम की गाड़ियों को देने की बात कही।

### महापौर ने कर्मचारी के घर पहुंचकर उपादान की राशि का चेक प्रदान किया



महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, वित्त व लेखा विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, बाज़र व राजस्व प्रभारी शेखर चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल, ममता सेन के साथ मंगलवार शाम को सेवानिवृत्त निगम कर्मी कचरा बाई सोनी भृत्य को चार लाख रुपये का राशि चेक और ठाकुर राम यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक को 84 हज़ार रुपये का चेक घर जाकर उपादान (ग्रेच्युटी) की राशि प्रदान किया। निगम प्रशासन द्वारा ऐसे कर्मियों को उपादान की राशि के भुगतान की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 300 पात्र कर्मचारियों के नामों की सूची जारी की है। इन कर्मचारियों को 8 करोड़ से ज्यादा भुगतान का प्रावधान किया गया है। महापौर अलका बाघमार एवं वित्त एवं लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने उपादान राशि का चेक देने बीमार सेवानिवृत कर्मियों के निवास पर पहुंची और उन्हें डेमो चेक देकर भुगतान की प्रतिबद्धता का एक नया उदाहरण पेश किया। संचित निधि के ब्याज से भुगतान की तैयारी कर ली गई है। बता दे कि नगर निगम में सत्ता परिवर्तन के बाद पिछले दिनों सामान्य सभा में मौजूदा परिषद ने कर्मचारियों को उपादान की राशि भुगतान का निर्णय लिया था। निगम प्रशासन द्वारा जल्द कर्मचारियों के खाते में राशि डाला जाएगा।

# बाढ़ की स्थिति में वार्डों के गड्ढों में मरम्मत संधारण मद से होगा डस्ट फिलिंग कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- एमआईसी चेंबर में लोककर्म समिति की बैठक



नगर नियोजन एवं लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर की अध्यक्षता में एमआईसी चेम्बर में समिति सदस्यों व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं निर्णय लिया गया। लोक कर्म प्रभारी श्री चन्द्राकर ने कहा कि वार्ड के 15 सतनाम पारा आयुर्वेदिक अस्पताल के पीछे सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु ठेकेदार को संबंधित इंजीनियर के साथ कार्य का शेड्यूल तैयार कर कार्य कराया जाये। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून के दौरान बाढ़ की स्थिति में समस्त वार्डो के गड्ढों में डस्ट फिलिंग का कार्य मरम्मत संधारण मद से कराया जाए, जिसके लिए सभी 60 वार्डों के उप अभियंता द्वारा स्थल का चिन्हांकन कर प्राक्कलन तैयार किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि वार्ड 44 में सतनाम भवन के कार्यों का आर्किटेक से स्थल के अनुरूप ड्रॉईंग डिजाईन प्राप्त कर संबंधित अभियंता द्वारा स्थल पर शीघ्र लेआउट प्रदान किया जाए। इसके अलावा पूर्व में महापौर निधि एवं पार्षद निधि पिछला वित्तीय वर्ष की रोकी गई राशि की मांग के लिए शासन को पत्र भेजा जाना है। जिससे स्वीकृति के प्रत्याशा में किए गए कार्यों का भुगतान किया जा सके। बैठक समिति के सदस्य नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, गुलाब वर्मा, आशीष चन्द्राकर, गोविंद्र देवांगन, विद्यावती सिंह, लोकेश्वरी ठाकुर, सरस निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

## यादव की बजाय अन्य को देने पर जताई नाराजगी, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

# यादव समाज के लोगों में आक्रोश, कहा- सत्ता में भागीदारी मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- गौसेवा आयोग व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष पद दूसरे समाज को देने पर विरोध

यादवों को मंत्रीमंडल, निगम एवं मण्डलों में मौका नहीं दिए जाने से यादव समाज में रोष व्याप्त है। समाज के लोगों ने गौसेवा आयोग व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष पद यादव की बजाय अन्य समाज के लोगों को देने पर नाराजगी जताते हुए जमकर नारेबाजी की, साथ ही उन्होंने आज मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपी है।



यादव समाज को सत्ता में भागीदारी देने एवं छग राज्य गौसेवा आयोग तथा दुग्ध महासंघ अध्यक्ष पद पर यादव समाज के लोगों को ही नियुक्त किए जाने मांग की हैं। छत्तीसगढ़ यादव ठेठवार महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने पहुंचे।

छ.ग. (ठेठवार) यादव समाज महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र कुमार यादव, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमराज यदु, रिवेन्द्र यादव, रमन लाल यादव आदि ने निगम एवं मण्डल की सूची में यादव समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न जातियों के पैतृक व्यवसाय से जुड़े निगम, मंडल व बोर्ड में उन्हीं समाज के लोगों को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है मगर गौपालन व दुग्ध व्यवसाय से जुड़े यादवों को गौसेवा आयोग एवं दुग्ध महासंघ तक के अध्यक्ष पद से वंचित रखा गया है। मांग पूरी नही होने पर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की भी चेतावनी दी गई है। इस दौरान राजकुमार यादव, ईश्वर यादव, नरेन्द्र यदु, मुकेश यादव,उमाशंकर यादव, रोमशंकर यादव, गोविन्दा लखन यादव, केके यादव, बलराम यादव, अभिषेक यादव, खेमसिंह यादव, बीपी यादव, राधेलाल यादव, मदन यादव, जनक यादव, होमलाल यादव,एमआर यादव, महेश ठेठवार, आशीष यादव, बीरेन्द्र यदु, सत्येन्द्र यादव, अनिकेत यादव, राजेन्द्र यादव,मयाराम यादव, अशोक यादव, प्रमोद यादव, सूर्यकांत यादव, मोहन यादव, हरप्रसाद यादव,दीपक यादव, राजू यादव, कृष्णा यादव, पुखराज यादव,दिलहरण यादव, दुष्यंत यादव, शेखर यादव, जयेन्द्र यादव टुकेश यादव, अंशु यादव, कुलेश्वर यादव, छबि यादव आदि मौजूद थे।

### संख्या बल पर दूसरे नंबर पर है यादव समाज

समाज के लोगों ने कहा कि छग में यादव समाज संख्या बल के हिसाब से दूसरे क्रम पर है। इसके बावजूद सरकार द्वारा मंत्रीमंडल और निगम-मंडलों में यादव समाज को संख्या बल के हिसाब से प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाना समाज की उपेक्षा है। यह स्थिति न केवल समाज के राजनीतिक हक को कमजोर करती है बल्कि सरकार की समावेशी नीति पर भी सवाल खड़ी करती है। छ.ग. में यादव समाज वर्षो से सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहा है कृषि, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में योगदान देने के साथ साथ इस समाज ने चुनाव में भागीदारी देकर लोकतंत्र को मजबूत किया है लेकिन जब सत्ता में भागीदारी की बात आती है तो यादव समाज को बार-बार नजर अंदाज किया जाता है, जबकि गणना के अनुसार पिछड़े वर्ग की जातियों में यादव समाज छत्तीसगढ़ में दूसरे नंबर में आता है।

### अहिल्या देवी होल्कर के जीवन चरित्र पर नाट्य मंचन की तैयारी

**भिलाई।** संपूर्ण देश में अहिल्या देवी होल्कर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती के अवसर पर उनके कर्तव्य तथा वीरता से भरे जीवन चरित्र पर नाट्य, संगीत नाट्य, चर्चा, गोष्ठी, चित्रमाला जैसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। देश के लगभग सभी बड़े तथा छोटे शहरों में चर्चा व गोष्ठी के साथ नाट्य मंचन भी हो रहे हैं। संस्कार भारती दुर्ग जिला इकाई ने उनके जीवन पर आधारित नाट्य मंचन, संगीत नाट्य तथा ख्यातिप्राप्त चित्रकारों द्वारा बनाए 55 चित्रों के रंगों से भिलाई-दुर्ग के वासियों को आनंदित करने की तैयारी की है। ताकि अहिल्या बाई के नारी उत्कर्ष, समाज हित तथा देश हित में संस्कृति से परिपूर्ण किये गए कार्यों को जानने तथा समझने का अवसर चित्रकला , नाट्य कला तथा संगीत प्रेमियों को प्राप्त हो।

फीचर इम्पैक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

## भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

### इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

**Advance Diploma in Industrial Safety**



भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।



## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

**Law**
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

**Pharmacy**
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

**Engineering**

(Full Time / Part Time)
- M.Tech / B.Tech / Diploma
- CSE • Civil • ET&T
- Mechanical • Electrical
- Artificial • Intelligence
- & Machine Learning

**Journalism**
- BAJMC
- MAJMC

**Library Science**
- M.Lib
- B.Lib
- D. Lib

**Hotel Management**
- BHM
- MHM

**Education**
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

**Film Making**
- B.A.
- M.A.

**Physical Education**
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

**Arts/science/commerce**
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA
- MBA
- DCA
- BCA
- PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A (All Subjects)
- B.Com. (Hons)
- M.Com.
- DSW
- BSW
- MSW
- B.Stat
- M.Stat
- BRS
- MRS
- MPH
- B.Sc (Hons) / M.Sc - All Subject
  - Chemistry • Maths • Physics
  - Biotechnology • Botony • Zoology
  - Microbiology • Computer Science
  - IT • Home Science • Multimedia & Design • Animation & Visual Effects

**Diploma Courses (1year)**
- Forensic Science
- Corporate Law
- Yoga Science
- Digital Marketing
- Interior Design
- Nutrition & Dietetics
- Fashion Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**

Afft. to Ayush University, Raipur

**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery

**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur

**B.Tech. Agricultural**

**B.Sc. Agricultural**



### फोरेंसिक साइंस में रोजगार के नए अवसर

**फोरेंसिक साइंस** - आगामी वर्षों में फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश-विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रुप में कार्य करते है। सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। बीएससी फोरेंसिक साइंस प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं गणित / जीवविज्ञान उत्तीर्ण, एमएससी फोरेंसिक साइंस हेतु बीएससी उत्तीर्ण, डिप्लोमा हेतु 12वीं उत्तीर्ण एवं पीजी डिप्लोमा हेतु बीएससी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।

### - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. | ASHOK L by LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS LTD | TATA CONSULTANCY SERVICES | L&T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA LTD. | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

SCAN ME

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

# शिक्षा विभाग में लाखों का गोलमाल और अव्यवस्था है कायम : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने जारी बयान में दावा करते हुए कहा है कि बेमेतरा जिले में शिक्षा विभाग में सब की आंखों के सामने धूल झोंकते हुए बहुत बड़ा शिक्षा घोटाला किया गया है आशीष छाबड़ा ने कहा है कि सवा साल में खनिज मद का भरपूर दोहन किया गया है जबकि आज भी बेमेतरा जिला मुख्यालय को ही देख लिया जाए तो समझ में आ जाता है कि बेमेतरा जिले में शिक्षा की व्यवस्था लचर है।

**जेईई कोचिंग देने के नाम पर 90 लाख रुपए खर्च:** 12वीं के बच्चों को नीट और जेईई कोचिंग देने के नाम पर 90 लाख रुपए खर्च किए गए हैं जबकि यह कोचिंग 12वीं की मुख्य परीक्षा आयोजन के कुछ दिनों पहले ही प्रारंभ किया गया यह जानते हुए कि इसमें बच्चे भाग नहीं ले पाएंगे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खिलोरा को खाली करा कर निजी संस्था को लाभ पहुंचाने के नियत से कोचिंग का ठेका दिया गया महज 15 से 20 दिनों की कोचिंग का खर्च 90 लाख रुपए बताया जा रहा है यह सिर्फ एक खर्च है इस तरह से अनेकों खर्च विभिन्न कार्यों के नाम से किए गए हैं जिससे जाहिर है शिक्षा विभाग में भाजपा नीत सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में शिक्षा जैसे पवित्र संस्थान में शिक्षा के नाम पर घोटाले को अंजाम दिया गया है जिसकी जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराए जाने की आवश्यकता है जहां बेमेतरा में शासकीय विद्यालय अपने भवन के मरम्मत के बाट जोह रहे हैं वही इस तरह से शिक्षा विभाग में घोटाले करके गरीबों को मिलने वाली शिक्षा का गला घोटने का काम किया जा रहा है।

## कंप्यूटर लैब और कोचिंग के नाम पर बेहिसाब खर्च को किया उजागर

### कंप्यूटर लैब सेटअप सामग्री के नाम पर भी लाखों खर्च



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बताया कि इसी तरह खनिज न्यास मद से आत्मानंद स्कूल में कंप्यूटर लैब सेटअप सामग्री के लिए जिले में लगभग 11 लाख रुपए तथा फिजिक्स लैब सामग्री के सेटअप के लिए 22 लाख रुपए और केमेस्ट्री लैब सेटअप के नाम पर 19 लाख रुपए खनिज न्यासा मद से लिए गए हैं जबकि यह सारे सेटअप पूर्व में ही कांग्रेस सरकार के द्वारा पूरे कर दिए गए थे ऐसे में दोबारा उन्ही सामानों की खरीदी करना समझ से परे है जबकि स्वामी आत्मानंद स्मृति उत्कृष्ट विद्यालय चाहे वह अंग्रेजी माध्यम के हो अथवा हिंदी माध्यम के पूरे साजो समान के साथ कांग्रेस की सरकार ने इन विद्यालयों को प्रारंभ कराया था और इसका ही नतीजा था कि पूरे छत्तीसगढ़ में प्राइवेट स्कूल बंद होने की कगार पर आ चुके थे किंतु जब से भाजपा सरकार सत्ता संभाली है स्वामी आत्मानंद स्मृति उत्कृष्ट विद्यालयों को बंद करने की एक गहरी साजिश रची जा रही है और सोने में सुहागा कहा जाए स्थानीय भाजपा सत्ता संरक्षण से इस तरीके से खनिज न्यास मद के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है जिसकी शिकायत में मुख्यमंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष से मिलकर करेंगे किसी भी कीमत पर कांग्रेस कमेटी गरीबों को मिलने वाली शिक्षा में समझौता करने वाले नहीं है घोटालेबाजों को जनता के सामने बेनकाब किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण का दिलाया भरोसा

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। इसमें जल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, नालियों की सफाई, पेंशन, राशन कार्ड की समस्या की जानकारी दी। इस दौरान पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता, निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। सेक्टर 1 में हुई सड़क दुर्घटना में घायल के परिजन भी विधायक देवेंद्र यादव से मिले। केरला समाजम भवन के मेंटेनेंस की भी लोगों ने मांग की। आमदी नगर में बाउंड्रीवॉल बनाने बीएसपी के कर्मचारी ने पास छीन लेने की शिकायत की। खुर्सीपार के लोगों ने बोर खनन की मांग की। देवेंद्र खुर्सीपार में सतगुरु कबीर साहेब प्राकट्य उत्सव एवं सत्संग समारोह में भी शामिल हुए। सेक्टर 9 चौक से रशियन काम्प्लेक्स तक की साइक्लिंग भी की। सेक्टर 2 ग्राउंड में बच्चों संग व्हालीबॉल भी खेला। डीएवी स्कूल के फिट इंडिया मूवमेंट में उन्होंने बच्चों के संग साइकिल चलाई। वॉलीबॉल के खेल और नेशनल स्टेट खेलने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### आलमारी से नकदी और जेवरात पार करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा



**भिलाई।** मकान से सोना चांदी के जेवरात पार करने के मामले में पुलिस ने युवक और दो अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए), 03(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि अन्नू जैन ने शिकायत किया था कि खाना खाकर परिजन कमरे में सोने निकल गए थे। 21 मई की सुबह चेक करने पर दूसरे कमरे का अलमीरा खुला पड़ा था। सारा सामान बाहर बिखरे था। चेक करने पर रखे गए सोना चांदी के जेवरात नगद 30 हजार गायब मिला। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई। सुपेला पुलिस को मुखबिर की सूचना पर सामुदायिक भवन बाम्बे आवास के पास नेहरू नगर मॉडल टाउन निवासी संदेही माया उर्फ रितिक यादव को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उससे पूछताछ करने पर बताया कि मकान में अपने दोस्त दो अपचारी बालको के साथ मिलकर नेहरू नगर में घूमते मकान ले चोरी करना स्वीकार किया। घर के दरवाजे की मच्छरदानी जाली को तोड़कर हाथ अंदर डालकर दरवाजा को खोला गया। उसके बाद तीनों मकान के भीतर घुसकर अलमीरा से नगदी व जेवरात पार कर फरार हो गए थे। नगदी रकम बांट लिए और जेवरात को बेचने की योजना बना रहे थे।

## अपराध : मवेशी तस्करों पर की कार्रवाई

# मवेशी तस्करी में लिप्त चौथे आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

थाना क्षेत्र नवागढ़ में सक्रिय मवेशी तस्कर गिरोह पर पुलिस और सायबर सेल की संयुक्त कार्रवाई जारी है। 7 मई की रात गांगपुर में 25 मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर कत्लखाने ले जाए जा रहे ट्रक को गौ सेवकों की तत्परता और पुलिस की सक्रियता से जब्त किया गया था। अब इस मामले में संलिप्त एक और आरोपी विशाल उर्फ विक्की भारती को नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे रविवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### गुप्त सूचना पर हुई थी पहली कार्रवाई

दरअसल गौ सेवक रमेश यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 4 नवागढ़ ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्हें मोबाईल के जरिए सूचना मिली कि गांगपुर निवासी राजू सतनामी ट्रक में मवेशी भरकर कत्लखाने ले जा रहा है। सूचना के बाद अन्य गौ सेवकों के साथ मौके पर पहुंचकर ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर तेजी से भाग निकला। पीछा करते हुए नवागढ़ व फिर बेमेतरा रोड पर खपरी तालाब के पास पहुंचने पर ट्रक का टायर फट गया, जिससे ट्रक पेड़ से टकरा गया। मौके से चालक संगीत मधुकर (27) व हेल्पर शैलेन्द्र भारती (25), दोनों निवासी पथर्रा, थाना पुरानी भिलाई-3, को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने मवेशी गांगपुर के राजू सतनामी के सहयोग से भरकर महाराष्ट्र ले जाने की बात कबूल की।



### ट्रक में भरे थे 25 मवेशी, 1 गाय की मौत

वाहन की जांच करने पर उसमें 13 गाय, 2 बैल, 7 बछड़ा और 3 बछिया यानी कुल 25 मवेशी ठूंस-ठूंसकर बिना चारा-पानी के भरकर ले जाए जा रहे थे। इनमें से एक गाय की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इस अमानवीय कृत्य को लेकर थाना नवागढ़ में छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### चौथा आरोपी गिरफ्तारी बाइक और मोबाइल जब्त

विवेचना के दौरान विशाल उर्फ विक्की भारती, उम्र 31 वर्ष, निवासी पथर्रा, हाल पता प्रगति मैदान के पास बोरसी कॉलोनी, थाना पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग की भूमिका सामने आई। आरोपी ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर मवेशियों को ट्रक में भरवाने एवं तस्करी में सहयोग किया था। उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक पुरानी पैशन प्रो बाइक व एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। इस पूरे मामले में अब तक एक ट्रक (25 मवेशियों सहित), एक बाइक और तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं, जिसकी कुल कीमत लगभग 6,32,000 रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में सउनि तुलसी राम बिझेकर, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, गोपाल ध्रुव, आरक्षक संजय पाटिल, जयकिशन साहू, रवि चंद्रवंशी, राजेन्द्र साहू सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

## माहेश्वरी संगठन के शिविर 41 लोगों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महेश नवमी 4 जून मनाई जाएगी। इस मौके पर स्थानीय माहेश्वरी समाज चार दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसके तहत सोमवार जिला चिकित्सालय स्थित ब्लडबैंक में रक्त की पूर्ति के लिए माहेश्वरी युवा संगठन ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर में समाज के रक्त दाताओं द्वारा 41 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इस दौरान रक्त दान शिविर में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष अरुण राठी ,युवा अध्यक्ष दिलीप बंटी चाचा , महिला मंडल अध्यक्ष हंसा माहेश्वरी, समाजसेविका नीतू कोठारी, समाज सेवक ताराचंद माहेश्वरी, चंद्र प्रकाश मुंद्रा की मौजूदगी में संपन्न हुआ। उक्तकार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर लोकेश साहू पैथोलॉजिस्ट , विजय कुमार दोरे ,एमएलटी भूपेंद्र कुर्रे, कुलेश्वरी साहू काउंसलर, हरिशंकर ,धन्नू वर्मा, वाहन चालक रामचरण,वार्ड बॉय ऋषि जांगड़े ने रक्तदान शिविर में सेवाएं प्रदान की।

**इन रक्तदाताओं ने किया दान:** रक्तदाताओं में सोनल गिलड़ा, अमित माहेश्वरी, चंद्र प्रकाश, महिमा काबरा,प्रितेश गिलड़ा, रमन काबरा, प्रमोद सिंह ठाकुर, टीकम मुंद्रा, संध्या, रूपेश गिलड़ा, शिल्पा राठी, दिलीप कुमार, महेश भूतना, सुशील राठी, सवाई लाल, हिमांशु जैन, खुशबू गिलड़ा, संजय काबरा, राहुल बजाज, हर्ष राठी, यश गिलड़ा, राकेश मखीजा, राधे राघवेंद्र सिन्हा, पूजा मंत्री, कमलेश वर्मा, नूपुर डागा, सुनील गिलड़ा , सौरभ महेश्वरी, तिलक महेश्वरी, मनीष चांडक, गौरव डागा, प्रमिला राठी, मंजू भूतड़ा, जतिन मोटवानी, मुकेश राठी, मांगीलाल राठी, रेनू राठी, अलका राठी, अजय राठी, अमरचंद गिलड़ा, सत्यनारायण ने रक्त दान किया गया।

## सहयोग और माहेश्वरी समाज ने 50 पौधे रोपे और गार्ड से किया सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था सहयोग द्वारा सोमवार सुबह एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम माहेश्वरी समाज बेमेतरा के सहयोग से महेश नवमी के पूर्व दिवस पर संपन्न हुआ।पौधारोपण स्थल शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय परिसर रहा, जहां प्रातः 7 बजे कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान नीम, करंज और कॉनोकार्पस प्रजातियों के कुल 50 पौधे रोपे गए। विद्यालय परिसर में पौधों के लिए विशेष गड्ढे पूर्व में तैयार किए गए थे और सभी पौधों को सुरक्षा के लिए ट्री गाड्र्स भी लगाए गए।

**समूह में दिखा उत्साह:** पौधारोपण में माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सदस्य, लक्ष्य ग्रुप के युवा, विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अनेक पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली।



### संस्था के सक्रिय सदस्य रामा मोटवानी का प्रेरक वक्तव्य

इस अवसर पर सहयोग संस्था के सक्रिय सदस्य रामा मोटवानी ने कहा कि पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं, यह भावी पीढ़ियों के लिए एक हरित धरोहर है। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसका संरक्षण भी सुनिश्चित करे। एक पौधा एक जीवन के समान है, जिसे समय, स्नेह और जिम्मेदारी की आवश्यकता होती है।उन्होंने यह भी बताया कि सहयोग संस्था वर्षभर ऐसे अभियान चलाती है और आगामी बारिश के दौरान विभिन्न शासकीय व सार्वजनिक स्थलों पर और भी पौधारोपण करने की योजना है।

### संस्था ने की नागरिकों से अपील

सहयोग संस्था ने नगरवासियों से अपील की कि वे भी अपने घर, मोहल्ले, विद्यालय या कार्यालय परिसर में पौधारोपण करें तथा पौधों के जीवित रहने तक उनका संरक्षण करें। संस्था ने यह भी सुझाव दिया कि लोग अपने जन्मदिन या विशेष अवसरों पर पौधा लगाकर उन्हें सार्थक बनाएं।

## टाउनशिप में दो दिन से सिर्फ बीस मिनट मिल रहा पानी

**भिलाई।** गर्मी के मौसम में बीएसपी टाउनशिप के रहवासी बढ़ती पेयजल किल्लत की समस्या से परेशान हैं। बिजली कटौती की तरह अब उन्हें पानी की कटौती की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। शनिवार और रविवार को कुछ सेक्टरों में पंद्रह बीस मिनट पानी की सप्लाई होने से लोग यहां वहां भटकते रहे। रहवासी बीएसपी कर्मियों और यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द स्थाई समाधान की मांग की है। गर्मी के मौसम में हर साल टाउनशिप में पेयजल समस्या से लोग हलाकान होते हैं। लेकिन इस साल यह समस्या बढ़ गई है। नलों पानी की धार कम होने के साथ पिछले कुछ दिनों से जलापूर्ति की अवधि मे कम कर दी गई है। शनिवार और रविवार को सेक्टर 6, 8 और सेक्टर 7 तथा सेक्टर 4 के कुछ क्षेत्रों में पंद्रह बीस मिनट ही नलो में पानी आया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सुबह 7 बजे जलापूर्ति शुरु हुई और 7.15 बजे बंद कर दी गई। इस कारण लोगों को खाने पीने और निस्तारी के लिए भारी परेशान होना पड़ा। बीएसपी कर्मी और महिलाएं व बच्चे बाल्टी, गुंडी आदि बर्तन लेकर बोरिंग आदि में भटकते रहे।

## आदित्य वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष बने शत्रुहन, कई पदों पर की गई नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- शशि कुमार को प्रदेश सदस्यता प्रभारी तथा अभिषेक तिवारी को बालौदबाजार-भाटापारा का जिलाध्यक्ष बनाया



पुरी शंकराचार्य आश्रम प्रांतीय कार्यालय, रावांभाठा (रायपुर) में गत शनिवार को रायपुर संभाग स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी एवं पीठ परिषद् के सदस्यता अभियान, प्रशिक्षण और विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इस बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों एवं संभागों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गईं। बेमेतरा जिले के निवासी शत्रुहन सिंह साहू को आदित्य वाहिनी का प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग सदस्यता प्रभारी नियुक्त किया गया। शशि कुमार खुटिया को प्रदेश सदस्यता प्रभारी तथा अभिषेक तिवारी को बालौदबाजार-भाटापारा जिले का आदित्य वाहिनी जिलाध्यक्ष बनाया गया। संभागीय स्तर पर भी संगठन को सशक्त करने हेतु प्रभारी नियुक्त किए गए। रायपुर संभाग के प्रभारी की जिम्मेदारी संदीप पाण्डेय को सौंपी गई। सरगुजा संभाग के प्रभारी विजय शर्मा होंगे, जबकि बस्तर संभाग का प्रभार नवनीत तिवारी को दिया गया। दुर्ग संभाग के प्रभारी नारायण शर्मा बनाए गए हैं और बिलासपुर संभाग का दायित्व अवधेश नंदन श्रीवास्तव को सौंपा गया है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेशाध्यक्ष आदित्य वाहिनी टीकाराम साहू, रायपुर संभाग प्रभारी संदीप पाण्डेय, राष्ट्रीय संयोजिका एवं आनंद वाहिनी प्रदेशाध्यक्ष सीमा तिवारी, संजय सिंह, शिव गोविंद सिंह, राकेश राजगढ़िया, बजरंग गुप्ता, रंजीता शर्मा, गौकृति तिवारी, मधुकान्त दीक्षित, शशि खुटिया एवं अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य शिष्यगण उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूरे प्रदेश में युवाओं को संगठन से जोड़ने, प्रशिक्षण देने एवं उन्हें विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। शत्रुहन सिंह साहू की नियुक्ति से बेमेतरा जिले में हर्ष का वातावरण है। स्थानीय नागरिकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि वे नई जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

## रामकथा के समापन दिवस पर भक्ति, ज्ञान और कर्म के संतुलन पर की चर्चा

# मोक्ष की प्राप्ति केवल कर्म, भक्ति और ज्ञान से संभव : आनंद सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर में आयोजित पंचदिवसीय अध्यात्म कथा सरिता के अंतिम दिवस पर श्रद्धा, विवेक और आस्था का समागम देखने को मिला। अमरकंटक धाम से पधारे परमहंस योगेश्वर आनंद सरस्वती ने पांच दिनों की कथा का सार प्रस्तुत करते हुए कहा कि जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष है, जिसकी प्राप्ति केवल कर्म, भक्ति और ज्ञान के समुचित समन्वय से संभव है।

उन्होंने कहा कि धर्म कोई जड़ नियम नहीं, बल्कि एक जीवंत मूल्य है, जो समय और स्थान के अनुसार स्वरूप बदलता है, परंतु उसका मूल तत्व मनुष्यता ही है। उन्होंने श्रोताओं को आत्मविवेचन और सच्चे धर्म के पथ पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि केवल ग्रंथों का पाठ नहीं, व्यवहार में धर्म की स्थापना ही वास्तविक साधना है।



**राम नाम से होता है अंतःकरण का शुद्धि :** पं. सागर मिश्रा कार्यक्रम के दूसरे सत्र में पंडित सागर मिश्रा ने रामचरितमानस की व्याख्या करते हुए कहा कि राम नाम केवल साधारण ध्वनि नहीं, वह चेतना का केंद्र है। जीवन में जब तक चरित्र निर्माण नहीं होगा, तब तक भक्ति अधूरी मानी जाएगी। उन्होंने भजन को जीवन उद्धारक बताया और कहा कि मानस केवल ग्रंथ नहीं, आचरण का निर्देश है।

### पं. अथर्व शर्मा का विशलेषण प्रभावी

कार्यक्रम में विशेष आकर्षण रहे नगर के 17 वर्षीय पं. अथर्व शर्मा, जिन्होंने अपने पहले सार्वजनिक मंच पर श्रीमद्भगवद्गीता का प्रभावशाली विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने गीता में वर्णित कर्म मीमांसा, भक्ति योग और ज्ञान मार्ग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में भक्ति स्थायी होती है, कर्म आवश्यक होता है और ज्ञान उसे दिशा देता है। उनकी तार्किक और भावपूर्ण प्रस्तुति को श्रोताओं ने सराहा।

### श्रद्धालुओं रहे उपस्थित

कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर के प्रमुख नागरिक, समाजसेवी और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से देवेन्द्र धर दीवान, महंत सुरेंद्र दास, मिंटू बिसेन, सौरभ ताम्रकार, मिलाप राम साहू, रमेश चौहान, रविन्द्र शर्मा, रामनारायण पाठक, प्रवीण दत्त दुबे, अमित जैन, लक्ष्मीचंद जैन, केके मिश्रा, गनपत साहू, सुमेन्द्र साहू, श्रीकांत ठाकुर, संतोष देवांगन, विद्यानंद जायसवाल, जीवन सिन्हा, अशोक पाठक, जेजी गोस्वामी, कृष्णकुमार यादव, बहोरन सिंह, जुलाराम निर्मलकर, अश्वनी ठाकुर, नरसिंह जायसवाल, रामशरण बिसेन, रामधुन रजक, संतोष खुराना, अमर खुराना, सम्पत साहू, नरेंद्र जायसवाल, महेश साहू, रामभरोस सिन्हा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

